## नई उम्मीद से बदली राह, 25 युवाओं ने छोड़ा नशा

- पुलिस के काउंसलिंग सत्र में लिया संकल्प
- शिक्षा और इलाज से जोड़ने की पहल



इंदौर. नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान नई उम्मीद के तहत इंदौर पुलिस ने एक और अहम कदम उठाया है. जोन 3 के 20वें काउंसलिंग सत्र में नशे से प्रभावित 25 युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा छोड़ने का संकल्प लिया. पुलिस अधिकारियों और विशेषज्ञों ने युवाओं से सीधा संवाद कर उन्हें सामान्य जीवन की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया.

सत्र में एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा के मार्गदर्शन में एसीपी विनोद दीक्षित, थाना प्रभारी जितेन्द्र चौहान सहित काउंसलिंग समिति के सदस्य मौजूद रहे. कार्यक्रम में शामिल सौरव, तनिष्क, प्रिंस, हर्ष और विपुल जैसे युवाओं ने स्वीकार किया कि वे नशे की गिरफ्त में थे, लेकिन पुलिस के सहयोग से अब नई शुरुआत करना चाहते हैं. पुलिस टीम ने शिक्षा को बढ़ावा देते हुए इच्छुक बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की. साथ ही नियमित काउंसलिंग के जरिए उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है.

### नशे की गिरफ्त में आने के ये कारण आए सामने

काउंसलिंग के दौरान सामने आया कि युवाओं में नशे की लत के पीछे पारिवारिक माहौल, आर्थिक कमजोरी, गलत संगति और नकारात्मक सामाजिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं. इन कारणों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अब जागरूकता के साथ उपचार पर भी फोकस कर रही है. पुलिस द्वारा ऐसे युवाओं के लिए निशुल्क चिकित्सीय उपचार की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से नशे से बाहर निकल सकें. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उद्देश्य सिर्फ अपराध पर कार्रवाई नहीं, बल्कि भटके युवाओं को सही दिशा देना भी है.

## बस की छत से गिरा भारी पार्सल सफाईकर्मी महिला गंभीर घायल

- राजमोहल्ला में हुआ हादसा, कंधे व पसलियों में फ्रैक्चर
- प्रशासन ने ट्रांसपोर्ट का गोदाम सील किया




**इंदौर. राजमोहल्ला इलाके में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. सड़क पर सफाई कर रही एक महिला सफाईकर्मी पर बस की छत से करीब एक क्विंटल वजन का पार्सल गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है.**

सुनीता बाली वार्ड क्रमांक 69 में नगर निगम के जोन 2 के तहत सफाई कार्य कर रही थीं. इसी दौरान हंसचाल ट्रैवल्स की बस के ऊपर रखा लगेज अचानक नीचे गिरकर सीधे उनके ऊपर आ गिरा. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को उठाकर वर्मा यूनियन अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों के अनुसार महिला के कंधे और पसलियों में फ्रैक्चर हुआ है. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि बस पर सामान चढ़ाते समय एक व्यक्ति के हाथ से भारी पार्सल छूट गया, जो सफाईकर्मी महिला पर गिर गया. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ट्रांसपोर्ट के गोदाम को सील कर दिया. नगर निगम अधिकारियों ने भी घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सुबह सफाई के दौरान हादसा हुआ है, मामले में जांच जारी है.

## दो सड़क हादसों में एक युवक और एक बुजुर्ग व्यापारी की मौत

- भंवरकुआं क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर
- खुड़ैल में कार की टक्कर से बुजुर्ग व्यापारी ने तोड़ा दम



इंदौर. शहर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक और एक व्यापारी की मौत हो गई. भंवरकुआ क्षेत्र में जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं खुड़ैल इलाके में कार की टक्कर से 60 वर्षीय व्यापारी की जान चली गई.

भंवरकुआ पुलिस के अनुसार, शिवाजी नगर निवासी सागर (30) 2 मई की रात बाइक से घर लौट रहा था. होलकर कॉलेज के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. गंभीर हालत में उसे पहले एप्पल अस्पताल और बाद में अरबिंदो अस्पताल ले जाया गया. हालत नहीं सुधरने पर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई. पुलिस अब तक टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं लगा पाई है. बताया जा रहा है कि सागर अपने माता पिता का इकलौता बेटा था और परिवार उसकी शादी की तैयारी कर रहा था. उसकी दो बहनों की शादी महाराष्ट्र में हो चुकी है. इधर, खुड़ैल थाना क्षेत्र में इंदौर नेमावर रोड पर ग्राम सिंधी बरौदा के पास 3 मई को हुए हादसे में तिलक नगर निवासी व्यापारी तुषार शाह उम्र 60 साल की मौत हो गई. वह एक्टिवा से जा रहे थे, तभी सामने से आ रही क्रेटा कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल तुषार शाह को इंडेक्स अस्पताल ले जाया गया,

## गैस टंकी में आग, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा, एक झुलसा

- पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से आग पर तुरंत पाया काबू
- एमआर-3 रोड पर आग लगने से मची अफरा-तफरी



**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के एमआर 3 रोड स्थित सनसिटी के पास रविवार सुबह गैस टंकी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. घटना में एक व्यक्ति झुलस गया, जबकि आसपास गैस लाइन और रहवासी क्षेत्र होने से बड़ा हादसा होने की आशंका बन गई थी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्परता और सूझबूझ से आग पर काबू पाकर संभावित हादसा टाल दिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह प्रभात गश्त के दौरान पुलिस को गैस टंकी में आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी, लसूड़िया व विजय नगर की एफआरवी और महालक्ष्मी नगर बीट के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे. गंभीर स्थिति देखते हुए एसीपी ने तत्काल आग बुझाने के निर्देश दिए. पुलिस जवानों ने बिना समय गंवाए जोखिम उठाकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया.

पुलिस के मुताबिक, एमआर-3 रोड पर एक खाली प्लॉट में गुमटी के पास रखी गैस टंकी में अचानक आग लग गई थी. इस दौरान वहां मौजूद भगवान सिंह (50) निवासी सरस्वती नगर झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं होता तो आसपास के मकानों तक आग फैलने और बड़े विस्फोट की आशंका थी. क्योंकि रहवासी क्षेत्र होने के साथ ही आसपास पीएनजी गैस की पाइप लाइन भी डली हुई थी. पुलिस की तुरंत कार्रवाई से क्षेत्र में बड़ा हादसा टल गया और रहवासियों ने राहत की सांस ली.

### एक नजर में

#### मदर्स डे पर वृद्ध महिलाओं को किया सम्मानित



महू. सामाजिक संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ द्वारा मदर्स डे पर वार्ड क्रमांक 7 यादव मोहल्ला मेन रोड पर एक गरिमामय आयोजन में क्षेत्र की वृद्ध माताओं का सम्मान किया गया. इस अवसर पर लक्ष्मी जयसवाल, रुक्मणी यादव, मंजू शर्मा, शोभा शर्मा, पुष्पा चौहान, जमुना बाई कदम, शक्तावत को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अतिथि के रूप में राधेश्याम बियानी, इंद्रदेव पांडे, राजीव खनूजा उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत दिनेश शर्मा, गोकुल अग्रवाल द्वारा किया गया. संचालन कार्यक्रम के आयोजक जगमोहन सोन ने किया. आभार राजेश दुबे ने माना.

#### हर्षोल्लास से मनेगा श्रीश्री रविशंकर का जन्मोत्सव



महू. मंडलेश्वर रोड श्रीश्री ज्ञान मंदिर क्षेत्र पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आगामी 13 मई को भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की स्थापना के भी 45 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, जिसे लेकर अनुयायियों में भारी उत्साह है. संस्था के प्रतिनिधि राजेंद्र पाटीदार एवं मनोज शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महू इकाई द्वारा विशेष तैयारी की गई है. इसके तहत प्रातः सामूहिक सुदर्शन क्रिया का आयोजन होगा. दोपहर नारायण सेवा परोपकार कार्य की जाएगी. इसके पश्चात शाम 7 बजे से गुरुपूजा, हवन और भव्य भजन सत्संग का आयोजन होगा. इस विशेष अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा ज्ञान मंदिर क्षेत्र को फूलों और आकर्षक रंगोली से भव्य रूप में सजाया जाएगा. कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई है.

#### आरएसएस मालवा प्रांत का घोष प्रकट उत्सव आज

महू. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत द्वारा सोमवार को वेटनरी कॉलेज के खेल परिसर में शाम 5.30 बजे घोष प्रकट उत्सव का आयोजन किया जाएगा. अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संगम माने जाने वाले इस कार्यक्रम में संघ के घोष (बैंड) को संगठन की जीवंत चेतना का प्रतीक माना जाता है. इस उत्सव के माध्यम से उन स्वयंसेवकों के कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा, जो 1 मई 2026 से महू में आयोजित घोष वर्ग में कठिन प्रशिक्षण ले रहे हैं. घोष की ध्वनि केवल वाद्य यंत्रों का बजाना नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र-भक्ति और संगठन शक्ति का एक सशक्त उद्घोष है, जो स्वयंसेवकों में अनुशासन और एकात्मकता का संचार करता है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ले. जनरल जसविंदर सिंह संधू उपस्थित रहेंगे. वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में राजमोहन सिंह (प्रांत प्रचारक) का उद्बोधन होगा. जिला संघचालक अनिल सोलंकी ने इस अवसर पर सभी प्रबुद्धजनों और नागरिकों को सादर आमंत्रित किया है. इस प्रदर्शन के दौरान प्रशिक्षित स्वयंसेवक विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ अपनी लयबद्ध प्रस्तुति देंगे, जो कि संघ के शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है.

#### एमडी ड्रग्स केस में एक और आरोपी गिरफ्तार



इंदौर. क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने यह कार्रवाई पहले पकड़े गए आरोपी से मिली जानकारी और मुखबिर सूचना के आधार पर की गई. पुलिस ने पूर्व में मोहम्मद अजीम को 12.87 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था. पूछताछ में उसने अपने साथी शिफान खान उर्फ गब्बू निवासी सदर बाजार का नाम बताया, जो लंबे समय से फरार था. इसके बाद टीम ने उसे तलाश कर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार शिफान अन्य राज्यों से एमडी ड्रग्स लाकर इंदौर में सप्लायरों तक पहुंचाता था. प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह दिहाड़ी पर रिपेयरिंग का काम करता है और 10वीं तक पढ़ा है. फिलहाल पुलिस आरोपी से ड्रग्स के स्रोत और नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है.

## जोन 1 के नए डीसीपी ने पदभार संभाला



**इंदौर. जोन 1 नगरीय के नवागत पुलिस उपायुक्त नरेंद्र सिंह रावत (आईपीएस) ने पदभार ग्रहण कर लिया. पद संभालते ही उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों से मुलाकात कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और बेहतर पुलिसिंग का भरोसा दिलाया.**

पदभार ग्रहण के बाद रावत ने कार्यालयीन स्टॉफ से परिचय प्राप्त किया और जोन में चल रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी और प्रभावी कार्रवाई के जरिए कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी. साथ ही उन्होंने पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी बात कही.

## डीसीपी खुद उतरे सड़क पर, प्रमुख चौराहों का किया निरीक्षण

- एमआर-10 सहित कई चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था जांची
- निरीक्षण के दौरान सिग्नल टाइमिंग सुधारने के निर्देश दिए




इंदौर. शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी रविवार को खुद मैदान में उतरे और शहर के प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया. इस दौरान एमआर-10, चंद्रगुप्त मौर्य, लवकुश, अरविंदो समेत अन्य चौराहों की स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने चौराहों पर वाहन दबाव, सिग्नल टाइमिंग, लेफ्ट टर्न व्यवस्था और जाम की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया. खासकर पीक ऑवर्स में होने वाली ट्रैफिक समस्या और सिग्नल टाइमिंग पर फोकस किया. डीसीपी त्रिपाठी ने तकनीकी टीम को निर्देश दिए कि ट्रैफिक फ्लो के अनुसार सिग्नल टाइमिंग में जरूरी बदलाव किए जाएं, ताकि वाहन चालकों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े और यातायात सुगम हो सके. निरीक्षण के दौरान एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा, एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी, आईआईटी इंजीनियर अंशुल अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. साथ ही तय किया कि संबंधित विभागों के समन्वय से ट्रैफिक सुधार के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाएगी.

## बीजेपी नेता की कार में आग लगी, गाड़ी जलकर खाक

- प्रजापत नगर की राम टेकरी में देर रात हुआ हादसा
- सूचना पर पहुंची दमकल ने पाया आग पर काबू



**इंदौर. प्रजापत नगर स्थित राम टेकरी इलाके में बीजेपी नेता की कार में अचानक आग लग गई. सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.**

फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 11 बजे कार नम्बर एमपी 09 डब्ल्यूएम 4004 में आग लगने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने करीब 5 हजार लीटर पानी डालकर आग बुझाई. तब तक कार का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था. बताया जा रहा है कि कार द्वारकापुरी निवासी बीजेपी नेता शिवेंद्र सिंह गौड़ की है, जो सुदामा नगर क्षेत्र से जुड़े हैं. आग लगते ही आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली. प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि फायर ब्रिगेड मामले की जांच कर रही है. शिवेंद्र सिंह गौड़ प्रदेश युवा मोर्चा से जुड़े रहे हैं और क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ के रिश्तेदार बताए जाते हैं.

## नशे में धुत युवक ने जोन कार्यालय में किया हंगामा

- निगम के कर्मचारियों ने डंडे-लात-घूंसों से पीटा
- पुलिस ने लिया हिरासत में, घटना का वीडियो भी आया सामने



**इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र स्थित नगर निगम जोन-14 कार्यालय में शनिवार शाम जमकर हंगामा हुआ. दरअसल, नशे में धुत एक युवक कार्यालय में घुस गया और उत्पात मचाने लगा. इस दौरान निगम कर्मचारियों ने युवक के साथ मारपीट कर दी, जिसमें उसके सिर पर डंडा भी मारा गया. घटना का वीडियो रविवार को सामने आया है.**

पुलिस के मुताबिक, मनोज उर्फ गोलू (निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी) नशे की हालत में जोन कार्यालय पहुंचा था. यहां उसने हंगामा करते हुए जोन अध्यक्ष व पार्षद शानू शर्मा की गाड़ी के सामने लेट गया और नगर निगम की गाड़ी में तोड़फोड़ की कोशिश की. इस दौरान उसने एक मस्टरकर्मी पर भी हमला कर दिया. इसके बाद मौजूद कर्मचारियों ने युवक की पिटाई कर दी. काफी देर बाद पास के थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया. बताया जा रहा है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. घटना के समय पुलिस और निगम के कई अधिकारी वीआईपी ड्यूटी में दशहरा मैदान पर मौजूद थे, जिससे मौके पर पुलिस पहुंचने में देरी हुई, फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है.

**एक नजर में** सरकारी बोरिंग की मोटर खराब पड़ी, नर्मदा लाइन से केवल 15-20 मिनट ही दिया जा रहा पानी, वह भी शुरूआत में आता है गंदा

## गंभीर जल संकट से जूझ रहे गोटू बाबा की चाल क्षेत्र के रहवासी




इंदौर. अमृत योजना के तहत नगर निगम द्वारा जहां शहर में बेहतर जलापूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, वहीं कई क्षेत्रों में जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है. शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लोग भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं. स्थिति यह है कि लोगों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है. मिल क्षेत्र में आने वाला वार्ड क्रमांक 46 अंतर्गत आने वाले गोटू बाबा की चाल क्षेत्र के रहवासी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं. क्षेत्र में पेयजल संकट के साथ दूषित पानी की शिकायत भी लगातार सामने आ रही है. क्षेत्र के सरकारी बोरिंग की मोटर खराब हो चुकी है, जिसके कारण पाइप बाहर निकालकर रखे गए हैं. लंबे समय से बोरिंग का मरम्मत कार्य लंबित होने से समस्या और बढ़ गई है. रहवासियों के अनुसार नर्मदा लाइन से केवल 15 से 20 मिनट तक पानी की सप्लाई होती है और उसमें भी कई बार गंदा पानी आता है. इतने कम समय में पर्याप्त पानी संग्रह करना संभव नहीं हो पाता. रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि समस्या के स्थायी समाधान तक नियमित रूप से पानी के टैंकर भेजे जाएं, क्षेत्र में नई बोरिंग कराई जाए और नर्मदा जलापूर्ति का समय बढ़ाकर कम से कम एक घंटा किया जाए.

### यह बोले रहवासी...



बढ़ती गर्मी में पिछले चार दिन से बोरिंग की मोटर खराब पड़ी थी, उसे सुधारने के लिए पहुंचाया गया है, जिसके कारण क्षेत्र में पानी की दिक्कत और बढ़ गई है.

**- मथुरा लाल**



नलों में शुरू में गंदा पानी आता है, उसके बाद साफ आता है, लेकिन इतने कम समय पानी नहीं आता ऐसे में कुछ नहीं होता जहां बड़े परिवार है वहां तो और भी समस्याएं.

**- सुरेश लाल**



आधे घंटे भी मुश्किल से नर्मदा लाइन से पानी नहीं आता है. ऐसे में पानी की पूर्ति नहीं होती. उसी में हमें एडजस्ट करना पड़ता है, जल आपूर्ति का समय बढ़ाना चाहिए.

**- मेवालाल यादव**



नंदकिशोर पहाड़िया जी के क्षेत्र से हमारे क्षेत्र के पानी के टैंकर भरना बंद करवा दिए गए हैं इसको देखते हुए हमने बोरिंग की छोटी मोटर निकालकर बड़ी मोटर डालेंगे.

**- सैफु कुशवाहा, पार्षद**